आवश्यक / महत्वपूर्ण

पत्रांक–स0नि0–वा0क0 परिसम्पत्तियाँ / वि0भू0 / 2022–23 / 2223006 46 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0
(सम्पत्ति अनुभाग)
लखनऊ::दिनांक:: 21 अप्रैल, 2022

1. **समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,**
   वाणिज्य कर, उ0प्र0।
2. **अपर निदेशक(प्रशिक्षण),**
   वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
   लखनऊ।

विषय : वाणिज्य कर विभाग की विभागीय परिसम्पत्तियों / भूमि के सम्बन्ध में अद्यतन सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया उपरोक्त विषयक मुख्यालय के पत्र संख्या–05 दिनांक 05.04.2022 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा आपके जोन में स्थित विभागीय सरकारी भवन / भूमि / प्रॉपर्टी का चिन्हांकन कर लें, यदि खाली पड़ी है, तो तत्काल बाउण्ड्रीवाल करा लें। बजट की उपलब्धता कम हो तो वार्ब्ड(कंटीला तार) लगायें। उक्त सरकारी सम्पत्ति(भूमि) पर विभाग का बोर्ड अवश्य लगा दें। यदि कहीं अतिक्रमण पाया जाता है तो तत्काल जिलाधिकारी को पत्र के द्वारा अवगत करायें, जिसकी प्रति मुख्यालय को भी दें। साथ ही व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क भी स्थापित किये जाने के निर्देश अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिये गये है।

इतना समय व्यतीत होने के उपरांत भी अभी तक आपके जोन से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। यह स्थिति खेद जनक है।

अतः आपको निर्देशित किया जा रहा है कि पत्र दिनांक 05.04.2022 में दिये गये निर्देश के क्रम में विभागीय सरकारी भवन / भूमि / प्रॉपर्टी के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना साक्ष्यों सहित उपलब्ध करायें तथा साथ ही आपके अधीनस्थ जोन में कोई भी विभागीय सरकारी भवन / भूमि / प्रॉपर्टी का चिन्हांकन कर लिया गया है, रिक्त भूमि पर विभाग का बोर्ड लगा दिया गया है एवं आपके जोन में कोई भी भूमि अतिक्रमण नहीं पायी गयी है, का प्रमाण पत्र भी तत्काल मुख्यालय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

21/4/2022

(मिनिस्ती एस0)
कमिश्नर,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

पृ0प0सं0 व दि0 उक्त।
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. ज्वाइंट कमिश्नर(स्था0अराज0 / प्रभारी नजारत), वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।
2. ज्वाइंट कमिश्नर(आई0टी0), वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय वेब साइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,
प्रभार–एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन), वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

F:\Aadarsh\2020-21\letter.docx